# बेटी बचाओं अभियान की धूम संसद तक

**दिल्ली :** जहां एक तरफ भवान महावीर की अहिंसा का सिंद्धांत विश्वभर में अपना परचम लहरा रहा है वहीं लगता है कि हम भारतीय उनके इन सिद्धांतों को भूलते जा रहे है, तभी समाज में कन्या भ्रूण हत्या, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार व स्त्रियों के अपमान की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। आज कन्या भ्रूण हत्या बेहद चिंता का विषय है। यदि समाज में कन्या ही नहीं रहेगी तो समाज निर्माण की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए हमें बेटियों को बचाना ही होगा। उक्त प्रवचन आत्मज्ञानी युग प्रधान आचार्य सम्राट पू. श्री शिवमुनि जी म. ने श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, राष्ट्रीय युवा शाखा के तत्वावधान में लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन के प्रांगण बालयोगी सभागार में समस्त भारत वर्ष में सफलतापूर्वक चलाये जा रहे 'बेटी बचाओ अभियान', वर्धमान और वर्तमान' के प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम में दिए।

उन्होंने कहा कि भगवान महावीर जी ने कभी पुरूष और नारी को महत्व नहीं दिया। उन्होंने सदैव आत्मदृष्टि को महत्व दिया। वे सदा स्त्री-पुरूष को एक समान दृष्टि से देखते थे। क्योंकि उनका यही मानना था कि आत्म-दृष्टि से कोई छोटा बड़ा नहीं होता पर आज स्त्री और पुरुष में हो रहा भेदभाव चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि हम आज संकल्प लें कि हम आज संकल्प लें कि हम बेटी और बेटे को एक समान समझेंगे। भगवान महावीर से सदैव आत्मदृष्टि ही मांगें क्योंकि आत्मदृष्टि से ही मुक्ति मिलती है। उपाध्याय प्रवर पू. श्री रवीन्द्र मुनि जी म. ने कहा शांति और सम्पन्नता वही हो सकती है जहां नारी का सम्मान है। आज के समय में कन्या भ्रूण हत्या जैसे महापाप को रोकना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए उन्होंने भगवान महावीर के सिद्धांतों पर बल देते हुए कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए कहा। नेपाल केसरी पू. श्री मणिभद्र मुनि जी म. ने अपने प्रवचन में कि भले ही मनुष्य बाहर से मुस्कुराता हुआ दिखता पर अंदर से वह भय युक्त है। पर हमें इस भय को समाप्त करना होगा तभी महावीर की अहिंसा को हम समझ पायेंगे। उन्होंने कहा कि अहिंसा कि अहिंसा साधना से नहीं आत्मज्ञान से प्राप्त होती है। संसार के हर जीव में महावीर बसे हैं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में रूही जैन (लुधियाना) द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति द्वारा हुई जिसमें रूही जैन ने अपने कला का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री दिलीप जी गांधी, सांसद मीनाक्षी जी लेखी, राजस्थान से विधायक श्री गौतम जी दक, वरिष्ठ नागरिक के पंजाब केसरी की चेयरमैन श्रीमती किरण चोपड़ा, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अविनाश जी चोरड़िया, कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुमतिलाल जी कर्नावट, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बालचंद जी खरवड़, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री अशोक कुमार जी मेहता, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री महेन्द्र जी पगारिया, स्वागताध्यक्ष श्री मदन जी सांखला, मुख्य संयोजक श्री अतुल जी बोकरिया, राष्ट्रीय युवा महामंत्री श्री निमेश जी राठौड़, श्री विपुल जी जैन, श्री गौतम जी जैन, श्री दिलीप जी पगारिया, जितेन्द्र जी जैन, श्री केसरीमल जी बुरड़, श्री आनंद प्रकाश जी जैन, श्री मनमोहन जी, श्री ओंकर सिंह सिरोया जी, श्री सुभाष ओसवाल जी, श्री संजय जी जैन, श्री बाला साहेब जी चोरड़िया, श्री महेश जी बोकरिया, श्री प्रकाश जी बुरड़, श्री सुभाष जी घिया, श्री विमल जी जैन, श्री अजय जी जैन, श्री जयंति जी परमार, श्री समीर जी जैन, श्री दिनेश जी कोठारी, श्री नरेन्द्र जी नवलखा, श्री विक्रम जी कीमती, श्री शैलेन्द्र जी खेरोदिया, श्री अमन जी जैन, श्री रजनीश जी जैन, श्री राकेश जी जैन 'लक्की' श्री रवीन्द्र जी जैन, श्री ललित जी छल्लानी, श्री भगवती जी परमार (पत्रिका सौजन्य), श्री रतन जी चपलोत (पत्रिका सौजन्य), श्री माणक जी ओसवाल (पत्रिका सौजन्य), श्री धर्मेश नवलखा, श्री शशिकांत जी कर्नावट, श्री महेन्द्र जी सुंदेचा मुथा, श्री ज्ञानचंद जी लोढ़ा, श्री अरूण जी मुथा, श्री विरेन्द्र जी जैन, श्री

राजीव जी जैन, श्री सौरभ जी जैन, श्री मुकेश जैन 'मोठ', श्री मुकेश जैन 'रिंठाना', श्री रोहित जी जैन, नितिन जी सेठिया, दिलीप जी लोढ़ा मनोहरलाल जी सूर्या, श्रीमती रूचिरा जी सुराणा, श्रीमती कुसुम जी जैन, श्रीमती वनिता जी ओरड़िया, श्रीमती मंजू जी दरड़ा, श्रीमती लाजवंती जी जैन, श्रीमती आशा जी वड़ाला सहित विभिन्न राज्यों से 1000 एवं दिल्ली से आये 300 जैन समाज के सैकड़ों लोग एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे। सांसद श्री दिलीप जी गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह देष के प्रत्येक नागरिक के विकास की चर्चा संसद में होती है उसी तरह देश में बेटी को बचाने के लिए भी संसद से इस अभियान के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। आज महिलाओं का ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रपति पद तक में योगदान रहा है। इसलिए बेटियां, महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। वहीं सांसद श्रीमती मीनाक्षी जी लेखी ने कहा कि प्राचीन काल से वर्तमान काल तक हर क्षेत्र में महिलाओं का योगदान रहा है। बेटी समाज की महत्वपूर्ण धरोहर है जिसे हमें बचाना होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब की चेयर मैन व पंजाब केसरी, दिल्ली की निदेशक श्रीमती किरण जी चोपड़ा ने कहा कि समाज में विवाहोत्सव में बढ़ती दहेज के लेनदेन की प्रथा आज चिंताजनक है। हम बेटी के जन्म से पहले ही उसके लिए दहेज की बातें सोचने लगते हैं। जिससे हमारी बेटी के प्रति मानसिकता बदलने लगती है पर आज यह प्रण लें कि हम न दहेज लेंगे न देंगे। हम समाज की कुरीतियों को दूर करके समाज में खुशहाली ला सकते हैं। उन्होनें जैन कॉन्फ्रेंस की युवा शाखा को इस तरह के प्रोग्राम चलाने के लिए साधुवाद दिया। निवर्तमान अध्यक्ष श्री अविनाश जी चोरड़िया कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुमति लाल जी कर्नावट, श्री अशोक जी मेहता ने भी अपने विचार रखे। श्री महेन्द्र जी पगारिया ने कॉन्फ्रेंस की गतिविधियों को बताते हुए कहा कि आज इसकी संख्या लाखों मे हैं और अधिक से अधिक जुड़ने का अहृवान किया।

कार्यक्रम के दौरान ही श्री अविनाश जी चोरड़िया को युवा प्रणेता एवं श्रीमती रूचिरा जी सुराणा को महिला शक्ति उनके सराहनीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय युवा शाखा द्वारा अवार्ड से सम्मानित किया गया साथ ही श्री प्रकाश जी बुरड़ को युवा गौरव के सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर 2015 में आयोजित साधु सम्मेलन को ध्यान में रखते हुए साधु-संतो के विहार के जानकारी आदि प्रदान करने वाले एक मोबाइल अप्लीकेशन का विमोचन किया गया। अप्लीकेशन की खूबियां बताते हुए श्रीमती रूचिरा जी सुराना ने कहा कि हमे इस अप्लीकेशन के उपयोग कर हमारे समस्त साधु-साध्वी गण के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते है साथ ही उनके आहार-विहार में भी सुगमता ला सकते है। इसी अवसर पर राष्ट्रीय युवा शाखा द्वारा चलाये जा रहे बेटी बचाओं अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवाओं को गतिविधियों को प्रकाश में लाने के लिए जैन कॉन्फ्रेंस राष्ट्रीय युवा शाखा द्वारा एक त्रैमासिक अखबार लांच किया गया। जिसका विमोचन सांसद श्री दिलीप जी गांधी, सांसद श्रीमती मीनाक्षी जी लेखी, विधायक श्री गौतम जी दक, श्रीमती किराण जी चोपड़ा, श्री अविनाश जी चोरड़िया, श्री सुमतिलाल जी कर्नावट, श्री अशोक जी मेहता व संतोष मामा, श्री रोशन लाल जी पगारिया, श्री शांतिलाला जी राठौड़ ने किया। संसद भवन के परिसर में ओसिया ग्रुप (अंधेरी) द्वारा बेटी बचाओ अभियान की रंगोली सभी के आकर्षण का केन्द्र रही। जहां युवाओं तथा जैन कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सराहना की वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी मोदी ने भी अपनी शुभकामनाएं भेजी।

राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री महेन्द्र जी पगारिया ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का कुशल संचालन राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष श्रीमती रूचिरा जी सुराणा ने किया।

**प्रेषक : निमेश जैन**

# एक शाम युवाओं के नाम

**दिल्ली :** राष्ट्रीय युवा शाखा के तत्वावधान में तथा राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री महेन्द्र जी पगारिया जैन की अध्यक्षता में बल्लभ विहार स्मारक में एक कवि सम्मेलन **'एक शाम युवाओं के नाम'** का आयोजन किया गया। इस बेटी बचाओं अभियान से प्रेरित कवि सम्मेलन में भारत के कोने-कोने से आये कवियों श्री संदीप जी शर्मा, श्रीमती रचना जी तिवारी, श्री वाहेगरु जी भाटिया, श्री अनिल जी मिश्र एवं श्री श्याम जी अंगारा ने युवाओं को शेर-ओ-सायरी एवं चुटकुलों से गुदगुदाने के साथ-साथ अपनी प्रेरक रचनाओं के माध्यम से भ्रूण हत्या तथा दहेज प्रथा पर कुठाराघात किया।

कवि सम्मेलन का शुभारम्भ शाम 7 बजे से हुआ। जिसकी विधिवत शुरुआत मंगलाचरण के द्वारा की गई। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आये युवाओं तथा जैन कॉन्फ्रेंस के पदाधिकरियों भाग लिया। उपस्थित सभी युवाओं में कवि सम्मेलन के प्रति काफी उत्सुक्ता देखने को मिली। कार्यक्रम में श्री दिनेश जी कोठारी, श्री नरेन्द्र जी नवलखा, श्री विक्रम जी कीमती, श्री महावीर जी तातेड़, श्री जयंति जी परमार, श्री सुंदर जी चंडालिया को विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। गौतम प्रसादी की सुंदर व्यवस्था श्री विपुल जी जैन एवं श्री दिनेश जी जैन 'रिंठाना' के मार्गदर्शन में की गई।

**प्रेषक : निमेश जैन**